श्याम बाबा हमको तो तेरा ही सहारा है

श्याम बाबा हमको तो, तेरा ही सहारा है,
श्याम बाबा हमको तो, तेरा ही सहारा है,
तेरे सिवा बाबा, अब कोई ना हमारा है,
तेरे सिवा बाबा, अब कोई ना हमारा है.......

जिसको भी बाबा, मैंने अपना बनाया है,
सब ने ही छोड़ दिया, तूने ही अपनाया है,
अपना बनालो बाबा, अब कहीं ना सहारा है,
श्याम बाबा हमको तो, तेरा ही सहारा है......

मेरी मजबूरी का, सब लाभ उठाते हैं,
अपने इशारों पे, मुझे खूब नाचतें हैं,
मेरे हाथ पकड़ लो बाबा, अब सूझे ना किनारा है,
श्याम बाबा हमको तो, तेरा ही सहारा है.......

भटक भटक कर श्याम, मैं हार के आया हूं,
मैं तेरा तू मेरा, मैं कहने आया हूं,
अंकित की धड़कन में, तेरा ही बसेरा है,
श्याम बाबा हमको तो, तेरा ही सहारा है.......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30068/title/shyam-baba-humko-to-tera-hee-sahara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |